Nai Dunia (Indore), 08th July 2025, Page – 02

# आइआइटी इंदौर का 13वां दीक्षा समारोह 12 को

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर का 13वां दीक्षा समारोह 12 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इसमें 809 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। मुख्य अतिथि एचसीएल के सह-संस्थापक और पद्म भूषण से सम्मानित डा. अजय चौधरी होंगे। अध्यक्षता आइआइटी इंदौर के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डा. के. सिवन करेंगे और निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी करेंगे। समारोह में 131 पीएचडी, 339 बीटेक, 132 एमटेक, 25 एमएस (रिसर्च), 106 एमएससी, 75 एमएसडीएसएम तथा एक बीटेक और एमटेक छात्र को डिग्री दी जाएगी। खास बात यह है कि इस वर्ष पांच नए एमटेक प्रोग्राम के पहले बैच के विद्यार्थी भी इस समारोह में डिग्री देंगे।

संस्थान की उत्कृष्टता को पहचान दिलाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को इस बार कुल छह स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। इनमें प्रतिष्ठित "राष्ट्रपति स्वर्ण पदक", "बूटी फाउंडेशन स्वर्ण पदक", "वीपीपी मेनन स्वर्ण पदक" और "संस्थान स्वर्ण पदक" के साथ दो नए पुरस्कार "अगम प्रसाद मेमोरियल स्वर्ण पदक" और "श्री गंती शुभा राव एवं श्रीमती गंती वेंकटरमणी पुरस्कार" भी सम्मिलित हैं। वहीं विभिन्न श्रेणियों में आठ रजत पदक और एक सर्वश्रेष्ठ बीटेक परियोजना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।